राज एक्सप्रेस

गाडरवारा एक्सप्रेस

14

जबलपुर | शुक्रवार, 6 जनवरी 2017

मंडला। भ्रष्ट व निरंकुश पुलिस व्यवस्था के विरोध में जिले के पत्रकार साथियों ने कलेक्ट्रेट मार्ग पर किया धरना-प्रदर्शन।

एक्सप्रेस न्यूज

अवैध शराब पकड़ाई

गाडरवारा। विगत दिवस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने समीपस्थ ग्राम खिरिया निवासी भोला राम पिता पहलवान सिंह गुर्जर उम्र 27 वर्ष को अवैध रूप से 11 पाव शराब रखें हुए पकड़कर आरोपी के पास से शराब जप्त की पुलिस ने आवकारी एक्ट 34 के तहत आरोपी पर मामला कायम किया है।

रास्ता रोककर मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम घाट कामती निवासी बैजनाथ पिता पति राम ठाकुर उम्र 30 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जब वह अपने किसी काम से कहीं गया हुआ था उसी दौरान अमर सिंह पिता बुद्ध सिंह ठाकुर द्वारा उसके साथ रास्ते में रुक कर गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 341, 294, 506 आई पी सी के तहत मामला कायम कर लिया है।

आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला। आकाशीय बिजली गिरने से घायल होने वाले पीड़ित व्यक्ति को कलेक्टर प्रीति मैथिल नायक द्वारा आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जारी आदेश के अनुसार ग्राम इन्द्री तहसील बिछिया निवासी तुलसीराम पिता भवनसिंह जाति गोंड पर आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो जाने के कारण पीड़ित व्यक्ति को कलेक्टर द्वारा चार हजार तीन सौ रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सहायता राशि का भुगतान मांग संख्या 58 मुख्य शीर्ष 2245 के तहत विकलनीय होगी।

आरसी झारिया का निधन

मंडला। जबलपुर में अधीक्षक भू अभिलेख के पद पर पदस्थ रहकर सेवानिवृत्त हुए आरसी झारिया का निधन 63 वर्ष की आयु में हो गया। इनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी को देवदरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार में लोग उपस्थित रहे। इनका दशगात्र 12 जनवरी एवं तेरहवीं 15 जनवरी को उनके निज निवास वरिष्ठ मूल शाला के सामने बस स्टैण्ड के पीछे किया जाएगा।

हज 2017 के लिए 24 तक भरे जाएंगे फार्म

मंडला। जिला हज कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि 2017 के लिए हज आवेदन फार्म 24 जनवरी तक पूर्ण रूप से भरकर स्टेट हज कमेटी भोपाल कार्यालय में जमा कराना होगा। हज आवेदन फार्म जिला हज कमेटी एवं हज कमेटी की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किए जा सकते हैं। अध्यक्ष ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले ख्वाहिशमंद का वैध पासपोर्ट होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए जिला हज कमेटी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण की तिथि में परिवर्तन

मंडला। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 05 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण एक दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण 5 जनवरी के स्थान पर 09 जनवरी को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित होगा एवं 05 जनवरी को आयोजित सूर्य नमस्कार संबंधित प्रशिक्षण 06 जनवरी को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों में होगा।

जिला पेंशन फोरम की बैठक

मंडला। जिला पेंशन फोरम की बैठक कल शुक्रवार 06 जनवरी को कलेक्टर सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रीति मैथिल नायक करेंगी। जिला पेंशन अधिकारी ने सभी कार्यालय प्रमुखों को कहा है कि पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन पेंशन कार्यालय को प्रेषित करें। बैठक में लंबित पेंशन एवं पुनरीक्षत पेंशन प्रकरणों की जानकारी सहित आगामी 2 वर्षो में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी की सूची तथा वेतन निर्धारण के अनुमोदन की जानकारी भी प्रस्तुत करें।

किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन 22 को

मंडला। विगत दिवस जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक पटैल ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय सिंह परिहार की अध्यक्षता में सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की बैठक ली। जिसमें यह निर्णय लिया गया की 22 जनवरी को किसानों की समस्याओं के निराकरण प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, चैन सिंह वरकड़े, जयेन्द्र चौधरी, रेवाराम साहू, रणजीत उईके, अजय चौरसिया, महेन्द्र पटैल जगदीश कुर्राम, बूटा सिंह ग्रेवाल, छोटेलाल चक्रवर्ती, विनोद सोनी, इकबाल खान, कुवंर सिंह, संता झारिया, राजेन्द्र झारिया, तेजीलाल मरावी, अमृतलाल साहू, झुन्ना सिंह ठाकुर, केशवप्रसाद ठाकुर, श्याम सिंगौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतों के कार्य हो रहे प्रभावित

सरपंच और सचिव संघ का धरना जारी

गाडरवारा ■ राज न्यूज नेटवर्क

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जनपद पंचायत चीचली एवं साईं खेड़ा के सभी सरपंच एवं सचिव पिछले 9 दिनों से अपनी जनपद के मुख्यालय पर अनार धरना दे रहे हैं। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जनपद साईखेड़ा के सारे सरपंच सचिव एकजुट दिखाई पड़ रहे हैं तथा जनपद मुख्यालय पर धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक यह धरना निरंतर चलता रहेगा सरपंच- सचिवों की हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतों के सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं वही वर्तमान में नमामि देवी नर्मदे यात्रा का आगमन भी जिले में हो चुका है ऐसे समय इनकी हड़ताल होने से प्रशासन को एड़ी चोटी की मेहनत करना पड़ रही है, इसके पूर्व शासन द्वारा रोजगार सहायकों को प्रभार देने संबंधी आदेश जारी किया था। परंतु सचिन इस आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रकट किया था। धरने के नौवें दिवस जनपत पंचायत मुख्यालय साईखेड़ा के धरना स्थल पर पूर्व विधायक साधना स्थापक एवं जिला पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह कई जनपद सदस्य पहुंचे तथा सरपंच एवं सचिवों की मांगों को जायज ठहराया धरने के नौवें दिवस जनपद क्षेत्र के सरपंच एवं सचिव बड़ी संख्या में धरने में उपस्थित रहे।

सुल्तानगंज की एक रन से जीत

साईंखेड़ा। सांईखेडा खेल मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरूवार का मैच सुल्तानगंज एवं एसएस सी आई टी साईखेड़ा के बीच खेला गया जिसमें सुल्तानगंज टीम एक रन से विजेता रही वही दूसरा मैच हुआ भोपाल वर्सेज करेली जिसमें भोपाल टीम में निर्धारित सेवर में पंचानवे रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी करेली टीम 35 रनों पर सिमट गई इस प्रकार भोपाल ने 38 रनों से यह मैच जीता जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह जी राजपूत सांसद प्रतिनिधि श्री भगत दास जी महंत विधायक प्रतिनिधि श्री राजेंद्र सिंह जी राजपूत एवं एवम युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी एवं मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कीरत सिंह जी पटेल मिलन जी दुबे अमित जी दोगे अजय जी चोकसे रामस्वरूप जी बसेड़ी कॉमेंटेटर प्रफुल्ल जी दीक्षित अंकित जी भदोरिया भोलेश्वर बोहरे इस कोरल विभूति वर्धन भदोरिया उपेंद्र दुबे इसमें पार्टी महेंद्र सिंह राजपूत मुकेश उपाध्याय तीसरे अंपायर सौरव जी लवानिया विशेष सहयोग यो में अभिषेक जी बोले बृजेंद्र जी पटेल भानु जी तिवारी भेरूजी शुक्ला एवं सुशील तिवारी जी अखिल जी भदोरिया आयोजक मुस्कान क्रिकेट क्लब इन खेड़ा सहयोगी युवा मोर्चा मंडल साईंखेड़ा के अनेकों लोग उपस्थित रहे।

बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

सडूमर ■ राज न्यूज नेटवर्क

गत दिवस सडूमर के ग्वालियर टोला प्राथमिक शाला में बच्चों से स्वच्छता के बारे में बारी बारी से कक्षा के सभी छात्र छात्राओं से स्वछता के बारे मे प्रश्न पूछे गए जिसमें बच्चों ने स्वच्छता के बारे में बताया सही उत्तर देने वाले सभी छात्र छात्राओं को फ्रि केयर दिशा के रीजनल मैनेजर श्री प्रकाश मिश्रा, अधिकारी, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को उनके प्राप्तांकों के अनुसार उनको उपहार के रूप में स्कूल बैग ,दपती, कंपास,टिफ्रि, पानी की बाटर, आदि उपहार देकर पुरस्कृत किया इस मौके पर शाला के प्रधान पाठक श्री दिनेश कुमार,कौरब एवं श्री राजेंद्र सिंह कौरव, सहित गाम के नागरिक मौजूद रहे बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश हुए।

जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का आंदोलन आज

गाडरवारा ■ राज न्यूज नेटवर्क

भाजपा सरकार की नोटबंदी के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में कांग्रेस का जंगी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। दोपहर दो बजे मुशरान भवन से भव्य रैली नरसिहपुर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली जाएगी। कांग्रेसजन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर घेराव करेंगे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेसजनों का कहना है कि भाजपा सरकार की नोटबंदी के कारण आमजनों को बेहद परेशानियां उठानी पड़ी, व्यापारियों से लेकर गरीब वर्ग नोटबंदी के कारण परेशान रहे। उक्त आयोजन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सोनी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत तपा, लोक युकां उपाध्यक्ष अभिनय ढिमोले, विस युकां अध्यक्ष पारूल शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष सागर जैन, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं समस्त विंगों के पदाधिकारियों ने समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से नरसिंहपुर जिला मुख्यालय पहुंचने की अपील की है।

सड़क हादसे में एक की मौत

साईखेड़ा। थाना साईंखड़ा के मैन रोड शुगर मिल के आगे एक अज्ञात फोर व्हीकल द्वारा दि 4-1-17के रात्रि में 9:30 बजे एक लाल कलर की मोटर साइकिल सवार 02 व्यक्ति को पीछे से ठोकर मार दी जिसमें मौके पर पीछे बैठे शंकर पिता छोटेसिह राजपूत नि साईखेड़ा की मृत्यु हो गई है और और मोटर साइकिल चला रहे मनोज कटारे को गंभीर हालत में गाडरवारा रिफर किया है। सूचना पर पुलिस ने बताया कि एक अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला धारा 279,337, 304ए का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मासिक काव्य गोष्ठी शनिवार को

गाडरवारा ■ राज न्यूज नेटवर्क

साहित्य सृजन परिषद की मासिक काव्य गोष्ठी नववर्ष मिलनोत्सव के उपलक्ष्य में सार्वजनिक पुस्तकालय के तिलक भवन में नरेश जी पाठक (पूर्व विधायक गाडरवारा) के मुख्य आतिथ्य में एवं नारायण जी श्रीवास्तव (वरिष्ठ साहित्यकार) के विशिष्ट आतिथ्य एवं धनराज जी चौकसे (अध्यक्ष सार्वजनिक पुस्तकालय) की अध्यक्षता में दिनांक 07-01-2017, शनिवार को रात्रि 8: 30 बजे से आयोजित है । साहित्य सृजन परिषद के प्रवक्ता लेखक सारिक खान ने साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमियों से उपस्थिति का अनुरोध प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से किया ।

जन्मदिवस की दी बधाइयां

गाडरवारा। विगत दिवस सिंधिया फैंस क्लब के प्रदेश सचिव विनोद चौकसे ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिराध्य सिंधिया जी से दिल्ली में मुलाकात कर जन्म दिवस की बधाईयां दी साथ ही नरसिंहपुर जिला में मां राज राजेशवरी दरबार आने की बात कही।

अंबलनेर महाराष्ट्र ने दी रायपुर को मात

गाडरवारा। शहर के रूद्र मैदान कॉलेज ग्राउंड पर चल रही अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल बी का पहला मैच रायपुर व अंबलनेर महाराष्ट्र के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर रायपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते महज 89 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का का हासिल करने के लिए अम्बलनेर के फस्ट डाउन बल्लेबाजों ने यह लक्ष्य 6.3 ओवरों को हासिल कर लिया। इस तरह से पूल बी के पहले मैच पर अम्बलनेर ने कब्जा जमा लिया। रायपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में केवल 89 रनों को लक्ष्य हासिल करने के लिए अम्बलनेर टीम के बल्लेबाज विजय व विशाल ने केवल 6.3 ओवर में ही 94 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच के एम्पायर मुकेश पटैल व प्रकाश बघेल, कामेंटेटर कुश काबरा व आवेक विश्नोई एवं स्कोरर अर्पित पाण्डेय रहे। मैच के अंत में मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार अम्बलनेर के विजय एवं बेस्ट परफार्मर ऑफद डे का पुरस्कार आमिर खान को मुख्य अतिथि दिनेश मालपानी, योगेश राठी, राम मंगतानी, उमेश हीरवानी, ठा. शरद सिंह एवं सुनील सोनी ने प्रदान किया। आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे से पूल बी का दूसरा मैच भोपाल एवं जलगांव महाराष्ट्र के बीच खेला जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रू. एवं शील्ड बल्लभ मार्केट एवं सुभाष ट्रांसपोर्ट की ओर से, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रू. एवं कप पूर्व कलेक्टर स्व. कोमल सिंह राजपूत की स्मृति में रणजीत सिंह राजपूत के द्वारा दी जाएगी। साथ ही विजेता व उपविजेता टीम को आकर्षक ट्राफी पं. अशोक भार्गव की ओर से दी जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन सोमेश कौरव, बेस्ट परफार्मर ऑफद डे का पुरस्कार रेवाश्री बुक स्टेशनर्स द्वारा दिया जा रहा है। मैन आफद सीरीज का पुरस्कार एलसीडी टीव्ही विवेक पालीवाल द्वारा दी जाएगी।

गहोई वैश्य महिला मंडल का आनंद मेला आयोजित

गाडरवारा ■ राज न्यूज नेटवर्क

बीते दिवस स्थानीय आनंद भवन में महिला मंडल गहोई वैश्य समाज गाडरवारा द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया गया। जिस का शुभारंभ पूर्व विधायक साधना स्थापक के मुख्य आतिथ्य, तथा नगर पालिका अध्यक्ष अनीता जायसवाल के विशिष्ट अतिथि में पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पल्लवी गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में गहोई समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बीपी गुप्ता, गहोई वैश्य समाज क्षेत्रिय महासभा महाकौशल के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार नीखरा, वैश्य समाज गाडरवारा अध्यक्ष रमाकांत गेड़ा, राधावल्लभ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओपी कनकन, नवयुवक गहोई वैश्य समाज अध्यक्ष अवधेश रूसिया, श्याम नीखरा राजू, समाज के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार नीखरा, पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष विद्या देवी कठल एवं विद्या देवी सेठ, कालिंदी कठल ने अपनी उपस्थिति देकर मेले को सफल बनाया। इस अवसर पर मेले में कुल 18 स्टाल लगाए गए थे। जिनमें स्वीट टवीट्स बेकरी नैना कठल, सफर बैग स्टाल रोशनी कठल, राधे राधे भेलपुरी स्टाल निधि सेठ, राजलक्ष्मी एजेंसी, चटनी अचार, बजौरे आदि सुधा सेठ, जयश्री साड़ी सरोवर निधि नीखरा, अंबिका मैचिंग सेंटर सीमा, प्रियंका ऐथेनिक रेडीमेड कुर्ते प्रियंका, आस्था ब्यूटी कलेक्शन एवं लेडीस कॉर्नर रागिनी ब्रिजपुरिया, प्रशा कलेक्शन टच एंड फ्लो ब्यूटी पार्लर नेहा कठल, मनभावन साड़ी सेंटर छाया,प्रीति कलेक्शन चूड़ी कंगन लेडीज ज्वेलरी प्रीति, रावत वस्त्रालय, सूटपीस, कुर्ती टॉप रीना रावत, तपस कलेक्शन सौरभ, पुष्पा मालपुआ सेंटर पुष्पा सोनी, गायत्री एजेंसी शाही गुलाब जामुन सुमन कठल, नमन चाट चौपाटी किरण विश्नोई, शिवम पानीपुरी अखिलेश गुब्बारा सेंटर आदि प्रमुख स्टाल थे। इसके अलावा विभिन्न गेम शो, बैलून हाउजी, क्रिसमस के सांता क्लॉस भी आकर्षण का केंद्र रहे। जिन्होंने बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया एवं गिफ्ट बांटे। कार्यक्रम में एक बंपर ड्रा भी निकाला गया। गहोई महिला मंडल द्वारा आयोजित मेले में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग मनोयोग के साथ भाग लिया एवं मेले का भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर विभिन्न समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने भी अपनी उपस्थिति देकर मेले का आनंद लिया। मेले को सफल बनाने में महिला मंडल गहोई वैश्य समाज गाडरवारा की समस्त सदस्यों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति का आयोजन

गाडरवारा। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विधार्थियों की प्रतिभा के प्रोत्साहन के लिये समाजसेवी संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति की विधार्थी इकाई के तत्वाधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 9वीं,10वीं,11वीं और 12वीं के विधार्थी भाग ले सकते है।

इसमें प्रथम पुरुस्कार 3001,- शील्ड, मेडल, प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरुस्कार 2001,- शील्ड,मेडल,प्रमाण पत्र,तृतीय पुरुस्कार 1001,- शील्ड,मेडल,प्रमाण पत्र तथा 12 विधार्थियों को उनकी रैंक के आधार पर विशेष पुरुस्कार और सभी प्रतिभागी विधार्थियों को मेडल,प्रमाण पत्र तथा सान्त्वना पुरुस्कार प्रदान किया जायेगा। परीक्षा दिनांक 8 जनवरी रविवार समय दोपहर 12 बजे से परीक्षा केंद्र न्यू ऐज पब्लिक स्कूल संपन्न होगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र विधार्थी अपने विधालय के प्राचार्य या समिति के पुराने बस स्टेण्ड स्थित कार्यालय से प्राप्त कर सकता है। अन्य किसी जानकारी के लिये तेजराम कहार(शाखा अध्यक्ष) कमलेश अग्रवाल(नगराध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ) शिरोमणी चौधरी(महिला इकाई अध्यक्ष)ललित सावनेर(गोसेवा इकाई अध्यक्ष) इत्यादि से सम्पर्क कर सकता है। इस अवसर पर विधार्थियों से अधिक अधिक संख्या में भाग लेने की अपील विधार्थी इकाई अध्यक्ष विवेक रावत ने की है।